

।। श्री गणेशाय नमः ।।

हिन्दी पाक्षिक Fort Nightly

Baat Hindustan ki

# बात हिन्दुस्तान की

Baat Hindustan Ki



R N I No. : WBHIN / 2021 / 84049

• विक्रम संवत 2080-81 चैत्र कृष्ण पक्ष सप्तमी, 1-15 अप्रैल 2024 , 1-15 April 2024, • वर्ष 3 (Year-3), • अंक 22 • पृष्ठ 4 (Page-4) • मूल्य रु. 2 (Price 2/-)


# भारत की जय जयकार क्यों कर रहे पाकिस्तानी मछुआरे?

**नई दिल्ली :** भारतीय नौसेना ने अरब सागर में एक बार फिर पाकिस्तानी मछुआरों की जान बचाई है। दरअसल, ये मछुआरे एक ईरानी जहाज अल-कंबर पर काम करते थे, जिसका सोमालियाई समुद्री लुटेरों ने अपहरण कर लिया था। इसके बाद भारतीय नौसेना बंधक बनाए गए ईरानी पोत और चालक दल के सदस्य के रूप में कार्यरत 23 पाकिस्तानी नागरिकों को समुद्री लुटेरों के खिलाफ 12 घंटे से अधिक चले अभियान के बाद छुड़ा लिया। इस अभियान में भारतीय नौसेना के आईएनएस सुमेधा और गाइडेड मिसाइल फ्रिगेट आईएनएस त्रिशूल युद्धप-ोत शामिल थे। अपनी जान बचाने पर पाकिस्तानी मछुआरे इतने खुश हुए कि वे इंडिया जिंदाबाद



और इंडियन नेवी जिंदाबाद के नारे लगाने लगे। इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर शेयर किया जा रहा है।

**पाकिस्तानी मछुआरों ने क्या कहा -** पाकिस्तानी मछुआरों के बीच बैठा एक शख्स बोलता है, ' मैं अमीर खान हूं। मैं मास्टर हूं इस लॉन्च का अल इस्लाम बोट है। मैं ईरान से निकलकर आ रहा था समंदर। मुझे सुबह सोमालियों ने हाइजैक किया हुआ है। कल दोपहर तीन बजे से इंडियन नेवी मेरे पीछे लगी हुई है। पूरी रात उन्होंने काम किया। इंडियन नेवी ने मुझे आजाद कर दिया है, सोमालियों को निकाल दिया है। अभी मैं आजाद हूं। इंडियन नेवी का शुक्रिया।' इसके बाद वह शख्स नारे लगाता है, इंडिया जिंदाबाद। इस पर उसके बाकी साथी भी जिंदाबाद के नारे लगाते हैं।

**भारतीय नौसेना ने जारी किया बयान-** भारतीय नौसेना के प्रवक्ता की ओर से जारी एक आधिकारिक बयान के अनुसार भारतीय नौसेना की विशेषज्ञ टीमें मछली पकड़ने वाले पोत की गहन जांच कर रही हैं ताकि मछली पकड़ने के काम को फिर से शुरू करने के लिए उसे सुरक्षित क्षेत्र में ले जाया जा सके। भारतीय नौसेना ने देर शाम कहा था कि वह अगवा किए गए मछली पकड़ने वाले पोत को बचाने के लिए एक अभियान में लगी है जिस पर कथित तौर पर नौ सशस्त्र समुद्री डाकू और उसके चालक दल सवार हो गए हैं।

**हथियारों से लैस थे समुद्री लुटेरे -** नौसेना ने कहा कि जहाज को रोक लिया गया। इसमें कहा गया, 'आईएनएस सुमेधा ने शुक्रवार तड़के एफवी 'अल कंबर' को रोका और बाद में आईएनएस त्रिशूल भी इसमें शामिल हो गया...।' घटना के समय मछली पकड़ने वाला पोत सोकोट्रा से लगभग 90 समुद्री मील (एनएम) दक्षिण पश्चिम में था और 'बताया गया है कि सशस्त्र समुद्री लुटेरे उस पर सवार थे।'

## सीएए वैध नागरिकों को विदेशी बनाने की साजिश

# बंगाल में इसे लागू नहीं होने देंगे : ममता

**निशाना**

- लोकसभा चुनाव को लेकर अपनी पहली जनसभा में ममता ने केंद्र व भाजपा पर बोला हमला
- चुनाव में भाजपा को 200 का आंकड़ा पार करने की दी चुनौती

**कोलकाता :** बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने लोकसभा चुनाव से ठीक पहले केंद्र सरकार द्वारा नागरिकता संशोधन कानून (सीएए) लागू किए जाने पर रविवार को सवाल उठाते हुए भाजपा व केंद्र पर करारा हमला बोला। लोकसभा चुनाव को लेकर नदिया जिले के कृष्णानगर में अपनी पहली जनसभा को संबोधित करते हुए ममता ने कहा कि सीएए वैध नागरिकों को विदेशी बनाने का एक जाल (साजिश) है, जिसे वो स्वीकार नहीं करेंगी। उन्होंने स्पष्ट कहा कि हम बंगाल में सीएए और एनआरसी को लागू नहीं होने देंगे।मतुआ समुदाय की बहुलता वाले क्षेत्र में आयोजित इस रैली में ममता ने लोगों से कहा कि सीएए के तहत नागरिकता के लिए आवेदन करते ही आपको विदेशी घोषित कर दिया जाएगा।सीएए का मतलब ही एनआरसी है। आवेदन करते ही आप एनआरसी के दायरे में आ जाएंगे। केंद्र सरकार आपके (मतुआ भाइयों) के सभी नागरिक अधिकार छीनकर और सरकारी योजनाओं से वंचित कर आपको डिटेंशन कैंप में



भेज देगी। उन्होंने कहा कि सीएए के कारण लोग तनाव में हैं। तृणमूल कांग्रेस सुप्रीमो ने मतुआ समुदाय से आने वाले बनगांव से भाजपा सांसद और केंद्रीय राज्यमंत्री शांतनु ठाकुर की ओर इशारा करते हुए कहा कि भाजपा के नेता सीएए के तहत आवेदन क्यों नहीं कर रहे हैं?

ममता ने सवाल किया कि जब सीएए कानून को संसद से 2019 में ही पारित किया गया तो इतने साल बाद चुनाव से ठीक पहले इसे क्यों लागू किया गया है? पहले इसे लागू क्यों नहीं किया गया। यह चुनावी जुमले के अलावा कुछ भी नहीं है। ममता ने चुनाव में भाजपा के 400 पार वाले नारे पर भी निशाना साधा। उन्होंने कहा कि भाजपा 400 पार की बात कह रही है लेकिन मैं उन्हें चुनौती देती हूं कि इस लोकसभा चुनाव में वह 200 का आंकड़ा भी पार करके दिखाए।

**महुआ को संसद से निष्कासित कर किया गया अपमान-** ममता ने कृष्णानगर से तृणमूल कांग्रेस की उम्मीदवार महुआ मोइत्रा के समर्थन में पहली चुनावी रैली में महुआ के निष्कासन का मुद्दा भी उठाया। उन्होंने कहा कि हमारी सांसद महुआ मोइत्रा का अपमान किया गया। लोकसभा से महुआ को इसलिए निष्कासित कर दिया गया क्योंकि वह भारतीय जनता पार्टी के खिलाफ मुखर थीं। महुआ के खिलाफ सीबीआइ जांच और उनके ठिकानों पर हाल में केंद्रीय एजेंसी की छापेमारी की कार्रवाई की भी आलोचना करते हुए ममता ने कहा कि महुआ पर अत्याचार हो रहा है। उनके माता-पिता को भी नहीं छोड़ा जा रहा है। ममता ने कहा कि वे (भारतीय जनता पार्टी) महिलाओं का अपमान करते हैं और उन्होंने बंगाल के अधिकार छीन लिए हैं। वे आपको कभी नहीं बताएंगे कि मोदी सरकार ने बंगाल के लिए क्या किया, कितने पैसे दिए, वे राज्य के साथ अन्याय कर रहे हैं। वो पहले अपना घर संभाले।

**कांग्रेस व माकपा पर भी निशाना-** ममता ने विपक्षी आ-इएनडीआइए गठबंधन के सहयोगियों माकपा और कांग्रेस पर भी हमला बोलते हुए भाजपा से हाथ मिलाने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि बंगाल में आ-इएनडीआइए गठबंधन नहीं है। माकपा और कांग्रेस बंगाल में भाजपा के लिए काम कर रही हैं।

## हेल्पिंग हैंड्स का रक्तदान शिविर



**हावड़ा :** जहां एक ओर गर्मी व चुनाव के कारण रक्तदान शिविर का आयोजन कम हो गया है वहीं दूसरी ओर हेल्पिंग हैंड्स संस्था की ओर से भीषण गर्मी में रक्तदान शिविर ने एक मिशाल कायम की है। बन बिहारी बोस रोड में हेल्पिंग हैंड्स की ओर से रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया था। कार्यक्रम के संयोजक साकेत चौधरी ने बताया कि संस्था की ओर से पूरे वर्ष भर सामाजिक कार्यक्रम किए जाते हैं। उन्होंने बताया कि शिविर में 157 लोगों ने अपना रक्तदान किया। मौके पर बतौर अतिथि शैलेश राय, सुरेंद्र चौधरी, युगल किशोर सिंह, कैलाश राय, कमलेश यादव, चंद्रदेव चौधरी सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।




# बंगाल में तृणमूल–भाजपा में अब कार्टून पर जंग

**राज्य ब्यूरो, कोलकाता :** लोकसभा चुनाव को लेकर बंगाल में सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस और मुख्य विपक्षी भाजपा के बीच वीडियो वार के बाद अब एक कार्टून को लेकर जंग छिड़ गई है। तृणमूल ने शुक्रवार को अपने आधिकारिक एक्स हैंडल से एक कार्टून साझा कर प्रधामंत्री नरेन्द्र मोदी व बंगाल भाजपा के नेताओं पर तीखा हमला बोला, जिसपर भाजपा ने कड़ी आपत्ति जताई है। तृणमूल ने कार्टून के साथ लिखा– ’बंगाल के द्वार किलेबंद हैं और मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पहरा दे रही हैं। बोहिरागत (बाहरी) भाजपा जमींदार, जो रेंगकर अंदर जाने की कोशिश कर रहे हैं, खुद को लड़खड़ाते हुए पाएंगे। जिनके पैरों के नीचे ज़मीन नहीं, उनका सींग जीतने का सपना हास्यास्पद है!


तृणमूल द्वारा एक्स पर साझा की गई कार्टून। स्रोत :: तृणमूल

दरअसल, इस कार्टून में एक मकान के उपर मुख्यमंत्री व तृणमूल कांग्रेस सुप्रीमो ममता बनर्जी खड़ी हैं और उनके साथ कुछ महिलाएं भी हैं। दूसरी तरफ इस मकान में लगी एक बांस की सीढ़ी के सहारे पीएम मोदी, बंगाल में पार्टी के वरिष्ठ नेता व विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष सुवेंदु अधिकारी (बीच में) और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को उपर चढ़ने की कोशिश करते दिखाया गया है। इसमें मोदी व शाह के सहारे सुवेंदु को चढ़ने की कोशिश करते दिखाया गया है, जिसमें सभी के पैर लड़खड़ा रहे हैं। इसमें मकान के उपर खड़ी ममता अपने बाएं पैर उठाकर और हाथों से भाजपा नेताओं की तरफ रूकने का इशारा कर रही हैं। सीढ़ी की सबसे नीचे की खाड़ी पर हाल में कलकत्ता हाई कोर्ट के न्यायाधीश पद से इस्तीफा देकर भाजपा में शामिल होने वाले तमलुक से पार्टी के उम्मीदवार पूर्व जस्टिस अभिजीत गंगोपाध्याय खड़े दिख रहे हैं। भाजपा ने इस कार्टून पर सवाल उठाते हुए पलटवार किया है। भाजपा आइटी सेल के प्रमुख व बंगाल के सह–प्रभारी अमित मालवीय ने पीएम के अपमान का आरोप लगाते हुए आयोग से इसपर संज्ञान लेने का अनुरोध किया है। उन्होंने एक्स पर लिखा– बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को भारत के प्रधानमंत्री को लात मारते हुए दिखाया गया है। यह जान–माल को नुकसान पहुंचाने और प्रधानमंत्री, गृह मंत्री और बंगाल भाजपा के नेताओं को जान से मारने की सीधी धमकी है। क्या चुनाव आयोग इस पर ध्यान देगा और बहुत देर होने से पहले इस भयावह साजिश की जांच करेगा? इसी तरह प्रदेश भाजपा अध्यक्ष व सांसद सुकांत मजूमदार लिखा– जिस तरह से ममता बनर्जी बंगाल में अल–गाववादी राजनीतिक आख्यान बनाने की कोशिश कर रही है, वह न केवल अपमानजनक प्रकृति का है, बल्कि यह बंगाल और पूरे राष्ट्र के लिए बेहद खतरनाक प्रतीत होता है। प्रदेश भाजपा के मीडिया पैनलिस्ट आशुतोष झा ने तृणमूल को जवाब देते हुए लिखा– एक गुजराती (मोदी–शाह) अगर हिंदू है तो वह बाहरी है। वही गुजराती अगर मुस्लिम है तो दीदी का लाडला है। मोदी को गाली देकर और युसूफ पठान का स्वागत करके ममता ने एक बार फिर अपना हिंदू विरोधी एजेंडा स्पष्ट कर दिया है।


*भाजपा के वरिष्ठ नेता लालकृष्ण आडवाणी को देश का सर्वोच्च नागरिक सम्मान भारत रत्न दिया गया। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने उनके घर जाकर उन्हें भारत रत्न से सम्मानित किया। इस मौके पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ और पूर्व उपराष्ट्रपति एम. वेंकैया नायडू भी उपस्थित रहे।*

# स्वामी गौतमानंद महाराज ने कार्यकारी अध्यक्ष के रूप में पदभार संभाला

## स्वामी स्मरणानंद महाराज के निधन के बाद मिली जिम्मेदारी



**कोलकाता :** स्वामी गौतमानंद महाराज ने स्वामी विवेकानंद द्वारा स्थापित रामकृष्ण मठ और रामकृष्ण मिशन के कार्यकारी अध्यक्ष के रूप में पदभार संभाला है, जिसका मुख्यालय हावड़ा जिले के बेलूर मठ में है।सबसे वरिष्ठ ट्रस्टी स्वामी गौतमानंद, जो आध्यात्मिक और शैक्षणिक संस्थान के उपाध्यक्ष थे, को रामकृष्ण मिशन के 16वें अध्यक्ष स्वामी स्मरणानंद महाराज (95) के निधन के बाद इसके कार्यकारी अध्यक्ष के रूप में पदभार संभाला है।स्मरणानंद महाराज का लंबी बीमारी के बाद यहां रामकृष्ण मिशन सेवा प्रतिष्ठान के अस्पताल में निधन हो गया था। स्वामी गौतमानंद मूल रूप से तमिलनाडु के निवासी हैं, हालांकि उनका पालन–पोषण मुख्यतः कर्नाटक में हुआ। वह रामकृष्ण मठ और रामकृष्ण मिशन की दिल्ली इकाई में एक भिक्षु के रूप में शामिल हुए थे।बाद में उन्होंने स्वामी विवेकानंद द्वारा प्रचारित मानव सेवा की सीख का अनुसरण करते हुए पूरे देश की यात्रा की।सबसे वरिष्ठ ट्रस्टी होने के अलावा, वह रामकृष्ण मठ और रामकृष्ण मिशन की चेन्नई इकाई के दैनिक मामलों को भी संभाल रहे थे। लगभग 80 वर्षीय स्वामी गौतमानंद ने अपने प्रेरक भाषणों से लाखों भक्तों का दिल जीता है।स्वामी स्मरणानंद के निधन के बाद वह चेन्नई से कोलकाता पहुंचे।मिशन के अधिकारियों ने बताया कि अगले अध्यक्ष के नाम की आधिकारिक घोषणा होने तक वह कार्यवाहक अध्यक्ष बने रहेंगे।

# गोकुल में बालक कन्हैया व सखाओं संग खेली गयी छड़ीमार होली

**लखनऊ (कुमार संकल्प) :** भगवान श्रीकृष्ण की जन्मस्थली उत्तर प्रदेश के मथुरा में रंगभरनी एकादशी के अगले दिन गोकुल की गलियों में छड़ीमार होली का आनंद बरसा। नन्हे बाल कृष्ण व उनके सखाओं के संग गोपियों ने होली खेली। गोपियों के हाथों में लाठी के स्थान पर छोटी–छोटी छड़ी लगी थीं जिनसे वे होली खेल रहे कन्हैया को मार रहीं थीं। छड़ीमार होली कृष्ण के प्रति प्रेम और भाव का प्रतीक रही।



पर्यटन विभाग, उप्र ब्रज तीर्थ विकास परिषद और जिला प्रशासन ने गोकुल में भीड़ से निपटने के लिए व्यापक इंतजाम किए। नंदभवन के बाहर उप्र ब्रज तीर्थ विकास परिषद ने मंच तैयार कराया जहां सायं तक होली के लोकगीत, लोक संगीत व होली मंचन के कार्यक्रम प्रस्तुत किए गये। ब्रज की होली देश–दुनिया में प्रसिद्ध है। इसे देखने के लिए दूर–दूर से लोग आते हैं। गोकुल नगरी में होली खेलने का अंदाज बिल्कुल ही अलग है। यहां रंग, अबीर–गुलाल के अलावा फूल, लड्डू और छड़ी से होली खेली जाती है। ब्रज में यह एक ही जगह ऐसी है जहां लट्ठ के बजाय छड़ी से मार खाकर लोग खुद को भाग्यशाली समझते हैं। ये छड़ी होली खेलने वालों के अलावा दर्शकों पर भी पड़ती हैं। यह होली देखने के लिए काफी पर्यटक आते हैं ।

# मुम्बई में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया बिहार दिवस




**मुम्बई ब्यूरो :** बिहार फाउंडेशन मुम्बई जो कि बिहार सरकार की संस्था है, के द्वारा मुम्बई के षणमुखानंद हॉल में बिहार स्थापना दिवस जिसे बिहार दिवस भी कहा जाता है, का कार्यक्रम तीन हज़ार से ज्यादा लोगो की उपस्थिति में हर्षोल्लास से संपन्न हुआ। बिहार सरकार द्वारा उन क्षेत्रों में जिसमें प्रवासी बिहारियों की बड़ी संख्या है अपनी ब्रांडिंग, बॉन्डिंग एवं बिजनस इन निति के तहत बिहार फाउंडेशन के विविध चैप्टर्स स्थापित किये गए हैं जिनका काम अप्रवासी बिहारियों और उस क्षेत्र के नागरिकों के साथ आपसी साझेदारी को बढ़ाकर बिहार राज्य के बारे में अचूक जानकारी देना एवं बिहार की संस्कृति के बारे में लोगों के बीच सही समझ और बिहार से उस सम्बंधित राज्य के बीच वाणिज्यिक संबंधों को बढ़ाकर आपसी फायदे और भाईचारे की भावना को बढ़ाना है।

बिहार फाउंडेशन मुम्बई के अध्यक्ष कैसर खालिद ने संवाददाताओं से बातचीत करते हुए बताया कि बिहार भवन मुंबई के निर्माण के लिए कंसलटेंट की नियुक्ति हो चुकी है और जल्द ही पूरा नक्शा तैयार कर लिया जायेगा और भवन निर्माण कार्य भी जल्द शुरू कर लिया जायेगा। बिहार के माननीय मुख्यमंत्री बिहार फाउंडेशन के पसिद्ध अध्यक्ष होने के कारण इस कार्य के जल्द पूर्ण होने की संभावना है। हाल ही में बिहार विधान परिषद के सभापति देवेश चंद्र ठाकुर ने बिहार भवन प्लाट का दौरा करके स्थिति की जानकारी ली है। इस अवसर पर विभिन्न रंगारंग कार्यक्रम आयोजित किया गया ।

# ऐसे भी उम्मीदवार है जो चुनाव हारने पर खुशी जाहिर करते हैं

**तमिलनाडु (के. विक्रम राव) :** वर्षा का मौसम आए तो दादर (मेंढक) न टर्राए? ठीक ऐसे ही कुछ कतिपय प्रत्याशी भी ऐन चुनाव के वक्त ही उपजते हैं। गंभीर और कड़वाहट भरी राजनीति में मधु–हास्य का फुट डालते हैं। ठीक ऐसी ही खबर आई है तमिलनाडु के शहर मेट्टूर से जो कावेरी नदी पर बांध के लिए मशहूर है। यहां की पहाड़ियां और खाइयाँ भी अपना अलग महत्व रखती हैं। मेट्टूर में टायर मरम्मत करने वाले मैकेनिक के. पद्मराजन ने 239वीं दफा चुनाव के लिए नामांकन दायर किया है। वह 238 बार हार चुके हैं, जमानत गवां चुके हैं। यह 65–वर्षीय कारीगर अपने को भारतीय निर्वाचन का बादशाह कहता है। विश्व का सबसे बड़ा लोकतंत्र का पर्व चुनाव हारने वाला बताने में गर्व महसूस करता है। हाल ही में तेलंगाना के गजेवल क्षेत्र से पंचायत का भी चुनाव लड़ा था। अब 18वीं लोकसभा चुनाव का उम्मीदवार है। पद्मराजन की विशिष्ट पहचान यही है कि वह नरेंद्र मोदी, मनमोहन सिंह और अटल बिहारी वाजपेई के खिलाफ चुनाव लड़ चुके है। स्वयं को होम्योपैथ डॉक्टर बताने वाला यह मैकेनिक दावा करता है कि इन सवा दो सौ मतदानों में वह एक करोड रुपए खर्च कर चुका है। पिछली बार (2019) वह वायनाड (केरल) से राहुल गांधी के विरुद्ध उम्मीदवार हुए थे। पद्मराजन ने अपनी संपत्ति में दिखाई कि उसके पास ग्राम सोना है, हजार रुपए नगद हैं, एक दुपहिया है। वह 17 विधानसभा और छः राष्ट्रपति निर्वाचन में भी नामांकन दाखिल कर चुका है। अतः लिम्का के विश्व रिकॉर्ड में जगह पा चुके है। उनका कहना है कि वह यह साबित करना चाहते हैं कि कोई भी आम आदमी चुनाव लड़ सकता है। कंधे पर चमकीला शॉल और मोटी मूंछों वाले श्री पद्मराजन ने कहा, ‘सभी उम्मीदवार जीत हासिल करना चाहते हैं। लेकिन मैं नहीं।‘ उनके लिए असली जीत चुनाव में हिस्सा लेने में है, और जब उन्हें उनकी हार का पता चल जाता है, तो वह हारकर भी खुश होते हैं। पद्मराजन बोलते है कि 2011 में तमिलनाडु विधानसभा के चुनाव में 6273 मत मिले थे। अपनी संपत्ति के बारे में उनका कहना है कि एक लाख रुपए के मालिक हैं। एक दुपहिया है। कक्षा 8 वी तक पढ़े हैं। अधुना वे अन्नामलाई विश्वविद्यालय से आधुनिक इतिहास में एम ए कर रहे हैं। ‘मैं जीतने के लिए नहीं वरन भागीदारी हेतु लड़ता हूं।‘ पद्मराजन राष्ट्र के सर्वाधिक असफल उम्मीदवार हैं। उनका पता है : 23 पद्मनिवास बिल्डिंग, रमण नगर, धरमपुरी जिला सेलम (तमिलनाडु)। पिता का नाम कुंचन्वु नायर हैं। अपने इलाके में चुनाव में सबसे ज्यादा हरने वाले उम्मीदवार के नाम से जाने जाते हैं।


के. पद्मराजन


नागरमल बाजोरिया

इस चुनावी संग्राम में पद्मराजन की भांति और भी रहे हैं, वह अकेले नहीं है। मसलन इंदौर नगर के 93–वर्षीय नागमाल बजोरिया उर्फ धरती पकड़ हैं। वे अब तक 18 दफा चुनाव हार चुके हैं। वर्तमान विधानसभा चुनाव के समय भाजपा से बगावत करने वाले विधायकों में सबसे बड़ा नाम चित्तौड़गढ़ के विधायक चंद्रभान सिंह आक्या का था। भाजपा ने सीटिंग एमएलए आक्या का टिकट काटकर पूर्व सीएम भैरोसिंह शेखावत के दामाद नरपत सिंह राजवी को टिकट दिया था। बाद में आक्या चुनावी मैदान में निर्दलीय उतरे और उन्होंने भाजपा प्रत्याशी की जमानत तक जब्त करा दिया। विधानसभा चुनाव में जीत के बाद आक्या ने भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा से मिलकर उन्हें समर्थन दिया।

# चैत्र नवरात्रि में कलश स्थापना का शुभ मुहूर्त एवं विधि

हिंदू धर्म में नवरात्रि को बहुत ही पवित्र और खास समय माना गया है. धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, साल में 4 नवरात्रि पड़ते हैं लेकिन मुख्य रूप से 2 बार नवरात्रि मनाए जाते हैं, जिनमें से एक है चैत्र नवरात्रि और दूसरी आश्विन माह की शारदीय नवरात्रि. हिंदू पंचांग के अनुसार, हर साल चैत्र माह की शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा तिथि से चैत्र नवरात्र की शुरुआत होती है. ऐसे में इस साल चैत्र नवरात्रि की शुरुआत 9 अप्रैल 2024 से हो रही है.

नवरात्रि के इन नौ दिनों में आदिशक्ति देवी दुर्गा के नौ स्वरूपों की पूजा और व्रत किया जाता है. ऐसा करने से व्यक्ति पर माता रानी की कृपा बनी रह सकती है. नवरात्रि के दौरान घट स्थापना करने का विशेष महत्व माना गया है. नवरात्रि के पहले दिन कलश स्थापना का विधान है.

चैत्र नवरात्र की शुरुआत 9 अप्रैल से हो रही है, वहीं इसका समापन 17 अप्रैल यानी नवमी के दिन होगा. नवरात्रि के पहले दिन शुभ मुहूर्त में घटस्थापना की जाती है.





ऐसे में उदया तिथि के अनुसार घट स्थापना का शुभ मुहूर्त कुछ इस प्रकार है- ***नवरात्रि कलश स्थापना शुभ मुहूर्त 9 अप्रैल सुबह 6 बजकर 11 मिनट से सुबह 10 बजकर 23 मिनट तक है।***

चैत्र नवरात्रि के अवसर पर इस बार कई शुभ योग बनने वाले हैं. ऐसा कहा जा रहा है कि अगर इन शुभ योग में पूजा-अर्चना या घटस्थापना की जाए, तो इससे व्यक्ति को जीवन में कई लाभ देखने को मिल सकते हैं. ज्योतिष शास्त्र के अनुसार, चैत्र नवरात्रि पर अमृत सिद्धि योग और अश्विनी नक्षत्र का संयोग होगा. 9 अप्रैल के दिन सूर्योदय के लगभग 2 घंटे बाद अश्विनी नक्षत्र शुरू हो जाएगा. इस शुभ मुहूर्त में घट स्थापना करने से व्यक्ति को माता की विशेष कृपा प्राप्त होती है. नवरात्रि के दौरान हर साल वार के अनुसार माता की सवारी भी अलग होती हैं जिनका हमारे जीवन पर बहुत प्रभाव पड़ता है.

**नवरात्रि में घटस्थापना कैसे करें-** चैत्र नवरात्रि के विशेष अवसर पर घर में कलश स्थापना करने के लिए सबसे पहले पूजा स्थल की अच्छी तरह से सफाई कर लें. इसके बाद एक मिट्टी का बर्तन लेकर उसमें साफ मिट्टी डालें. फिर इसमें जौ के दाने बो दें और पानी का छिड़काव करें.

इसके बाद इस मिट्टी के कलश को पूजा स्थल पर स्थापित कर दें. इसके बाद कलश में जल, अक्षत और कुछ सिक्के डालकर ढक दें. कलश पर स्वास्तिक बनाएं और फिर इस कलश को मिट्टी के ढक्कन से ढक दें. इसके बाद दीप जलाएं और कलश की विधि-विधान से पूजा करें.

## पूर्णिया जिलाधिकारी की अध्यक्षता में स्टैंडिंग कमेटी की बैठक

**पूर्णिया (सौरभ कुमार झा) :** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिलाधिकारी कुन्दन कुमार ने कहा है कि स्वच्छ, निष्पक्ष, भयमुक्त, पारदर्शी एवं सहभागितापूर्ण वातावरण में लोकसभा आम चुनाव, 2024 सम्पन्न कराना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने प्रज्ञान सभागार में जिला-स्तरीय/ निर्वाची पदाधिकारी के स्तर पर गठित स्थायी समिति की बैठक की अध्यक्षता करते हुए। इस बैठक में सदस्य के तौर पर मान्यता-प्राप्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधिगण, कोषांगों के नोडल पदाधिकारीगण एवं संबंधित पदाधिकारी भी उपस्थित थे। सम्पूर्ण जिला में आदर्श आचार संहिता लागू हो गया है। इसका अनुपालन सभी सुनिश्चित करेंगे। सम्पत्ति विरूपण अधिनियम तथा वाहनों के उपयोग के संबंध में निदेशों का शत-प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित करेंगे। मान्यता-प्राप्त राजनैतिक दलों के सभी प्रतिनिधियों को भारत निर्वाचन आयोग के निदेशों के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई।





संसदीय निर्वाचन क्षेत्रवार निर्वाचकों की संख्या की विवरणी- मतदाताओं की संख्या, मतदान केन्द्रों एवं मतदान भवनों की संख्या, विधि-व्यवस्था संधारण, नाम-निर्देशन, डाक मतपत्र से मताधिकार का प्रयोग, सोशल मीडिया, मीडिया प्रमाणीकरण एवं अनुश्रवण, आदर्श आचार संहिता का अनुपालन, सम्पत्ति विरूपण अधिनियम, विभिन्न तकनीकी सुविधाओं, ईको-फ्रेंड्ली निर्वाचन कराने हेतु आवश्यक प्रबंध, निर्वाचन में बाल श्रम निषेध इत्यादि के बारे में विस्तार से बताया गया। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग के द्वारा निर्धारित प्रावधानों के अनुसार 268 सेक्टर पदाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति की गई है। ये सभी अपने-अपने क्षेत्र में लगातार सक्रिय हैं। मतदान केन्द्रों का लगातार भ्रमण कर रहे हैं एवं मतदाताओं के बीच जागरूकता अभियान चला रहे हैं। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि निर्वाचकों को ईवीएम एवं वीवीपैट के प्रति जागरूक करने के लिए जिला एवं सभी चारों अनुमंडलों में ईवीएम-सह-वीवीपैट प्रदर्शन केन्द्रों तथा सभी 07 विधान सभा क्षेत्रों में 07 मोबाइल डिमॉन्स्ट्रेशन वैन के माध्यम से जागरूकता अभियान चलाया गया है। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि जिला अंतर्गत कुल 2200 मूल मतदान केन्द्र हैं। सभी मतदान केन्द्रों पर आयोग के निदेशों के अनुरूप मतदाताओं हेतु उत्कृष्ट व्यवस्था रहेगी। दिव्यांग मतदाताओं, महिलाओं एवं 18-19 वर्ग के नये मतदाताओं, वरिष्ठ मतदाताओं सहित सभी निर्वाचकों को मतदान करने हेतु सभी प्रबंध रहेगा। सेक्टर पदाधिकारियों के माध्यम से मतदान केन्द्रवार भेद्यता मानचित्रण संबंधी कार्रवाई की गई है।

## बोर्ड परिक्षा में जवाब की जगह लिखी ऐसी बात, जिसे पढ़कर भड़का टीचर

**नई दिल्ली :** सभी छात्राओं के लिए बोर्ड परीक्षा काफी महत्वपूर्व होता है। बोर्ड एग्जाम के परिणाम पर छात्र का करियर दाव पर लगा होता है। बोर्ड परीक्षा में अगर मार्क्स ना आए, तो बच्चों का भविष्य अंधेरे में चला जाता है। आगे जाकर क्या करना है, कौन-सी पढ़ाई करनी है सब परिणामों पर निर्भर करता है। इसी कारण बोर्ड स्टूडेंट्स पर काफी पढ़ाई का प्रेशर होता है। परंतु कई ऐसे भी बच्चें होते है जो इन परिक्षाओं को सीरियसली नहीं लेते। मध्यप्रदेश की बोर्ड परीक्षा के कॉपीयां चैक की जा रहा था। इस दौरान टीचर्स को ऐसी कॉपियां मिल रही है। जिसमें सवाल की जगह कई ऐसी-ऐसी बातें लिखे गए हैं जिसे हर टीचर्स को अपने भावुक मैसेज के जरिये पास कर देने की अपील करता दिखाई दिया। यह तस्वीरें टीचर्स ने सोशल मीडिया पर शेयर किया है। कई कॉपियां पढ़ेंगे तो आप अपनी हंसी नहीं रोक पाएंगे।सोशल मीडिया पर वायरल हो रही यह कॉपियां टीचर्स को



इमोशनल ब्लैकमेल करते हुए नजर आए। इनमें ज्यादातर स्टूडेंट्स बीमारी के कारण से पढ़ाई ना कर पाने का बहाना बनाते नजर आए। कई ने लिखा कि वो बीमार थे, इस कारण से पढ़ नहीं पाए। मगर उन्हें पास कर दिया जाए।साथ ही कई लड़कियों ने कॉरियों में लिखा कि टीचर्स द्वारा फेल होने पर घरवाले शादी करवा देंगे। अन्य ने लिखा- उन्हें पास कर दिया जाए नहीं तो उनकी शादी करवा दी जाएगी। दरअसल, टीचर्स ने कहा, इस तरह की बातें उनपर कोई असर नहीं करती। छात्रों ने जैसा जवाब लिखा है, उसी के आधार पर मार्किंग की जाएगी।



*दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की जल्द रिहाई को लेकर देश की बात फाउंडेशन की ओर से हावड़ा स्टेशन के नजदीक विरोध प्रदर्शन किया गया।*

## तीन लाख चालीस हजार रुपये के साथ दो बदमाशों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**पूर्णिया (सौरभ कुमार झा) :** कुछ दिनो पहले सीएसपी संचालक के साथ हुई लूट की घटना का पुलिस ने खुलासा करते हुए दो बदमाशों को गिरफ्तार कर



जेल पहुंचा। एस पी उपेंद्र नाथ वर्मा ने बताया कि 21 मार्च को कसबा के कुल्हा खास मिलन चौक के आम बगीचा के नजदीक हथियार के बल पर दो बाइक सवार बदमाशों ने सीएसपी संचालक से 11 लाख 82 हजार 100 रुपए लूट लिया। उन्होंने कहा कि कांड पर त्वरित कार्रवाई के लिए सदर अनुमंडल पदाधिकारी के नेतृत्व में कसबा थाना प्रभारी के साथ छापेमारी दल का गठन किया और तकनीकी साक्ष्य के आधार पर त्वरित कार्रवाई करते हुए घटना में शामिल दो अपराधियों को लूटे गये नगद रुपये में से तीन लाख चालीस हजार नगद, तीन मोबाइल फोन, लूटा गया आधार कार्ड, घटना में शामिल स्पलेंडर और पल्सर बाइक बरामद किया गया। एसपी ने कहा कि बदमाशों को के नगर से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार बदमाशों में के नगर थाना के गढिया बलुआ निवासी प्रकाश पासवान का पुत्र बेचन पासवान और गढिया विशनपुर के रहनेवाले स्व नंदलाल चौहान के पुत्र मुन्ना कुमार शामिल है। घटना में शामिल दो अन्य अपराधियों की पहचान कर ली गई है उनकी जल्द गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है।

## मास्टरजी की प्रेरक वाणी ने कोलकाता वासियों को किया मंत्रमुग्ध

**कोलकाता (सोनु झा) :** प्रसिद्ध आध्यात्मिक गुरु व मार्गदर्शक मास्टरजी ने कोलकाता दौरे में अपने ज्ञान और आध्यात्मिक प्रवचनों के माध्यम से बड़ी संख्या में लोगों को प्रेरित किया है। वे कोलकाता की यात्रा पर हैं।इस दौरान उन्होंने जीवन की सबसे कठिन परिस्थितियों से सहज तरीके से निपटने का मंत्र बताकर लोगों में अंतर्निहित क्षमता विकसित करने में मदद की है। कोलकाता दौरे में मास्टरजी को भारतीय विज्ञान, शिक्षा और अनुसंधान संस्थान (आइआइएसईआर), बीएसएफ कल्याणी, जेआइएस कालेज ऑफ़ इंजीनियरिंग, इंडियन चैंबर आफ़ कामर्स (आइसीसी), इंस्टीट्यूट आफ़ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स आफ़ इंडिया, अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान, कल्याणी (एम्स) और आर्मी इंस्टीट्यूट आफ़ मैनेजमेंट जैसे कुछ प्रमुख संस्थानों में व्याख्यान देने के लिए आमंत्रित किया गया था। साथ ही दक्षिणेश्वर मंदिर जैसे शहर के प्रसिद्ध आध्यात्मिक केंद्रों में भी।एक अधिकारी ने



बताया कि बीएसएफ की 112, 05 व 102वीं वाहिनी मुख्यालय, कल्याणी, हरिणघाटा में बीएसएफ वाइव्स वेलफेयर एसोसिएशन (बाबा) के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम में बड़ी संख्या में सीमा सुरक्षा बल के महिला व पुरुष कार्मिकों एवं उनके परिवार के सदस्यों ने मास्टरजी के प्रेरक वक्तव्य का लाभ उठाया। इस कार्यक्रम में 112वीं वाहिनी के कमांडेंट नकुल वैद्य सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। बताया गया कि प्रमुख संस्थानों में व्याख्यान के दौरान मास्टरजी की वाणी और अत्यधिक आकर्षक प्रश्नोत्तर सत्रों को दर्शकों द्वारा खूब पसंद किया गया। उनमें से कई लोगों को गारंटीकृत परिवर्तन का अनुभव करने के लिए कम से कम 30 दिनों तक नियमित रूप से उनकी वाणी सुनने के लिए प्रेरित किया। मास्टरजी ने होली पर भी विशेष व्याख्यान दिया और इसे बुराई पर अच्छाई की जीत का उत्सव बताया।

मास्टरजी, पिछले 16 वर्षों से अपने आध्यात्मिक वाणी के माध्यम से एक लाख से अधिक लोगों के साथ अपना 'ज्ञान' साझा कर चुके हैं, जिससे नियमित श्रोताओं को जीवन की सबसे कठिन परिस्थितियों से सहज तरीके से निपटने की अंतर्निहित क्षमता विकसित करने में मदद मिली है। मास्टरजी की वाणी यूट्यूब चैनल 'मास्टरजी' पर भी आसानी से उपलब्ध हैं।

**भूल सुधार**

*'बात हिन्दुस्तान की' के अंक में भूल वश पत्रिका का अंक (वर्ष 3 अंक 57) गलत छप रहा था जो सही (वर्ष 3 अंक 22) होगा। - संपादक*

# उर्मिला मातोंडकर को 'सॉफ्ट पॉर्न स्टार' बोलने पर कंगना ने दिया जवाब, कहा– 'सनी लियोनी से पूछिए कि...



**नई दिल्ली :** बॉलीवुड एक्ट्रेस कंगना रनौत लोकसभा का टिकट मिलने के बाद से लगातार चर्चा में बनी हुईं हैं। इसी बीच एक्ट्रेस का साल 2020 का एक बयान सुर्खियों में है, जिसमें उन्होंने उर्मिला मातोंडकर को 'सॉफ्ट पोर्न स्टार' कहा था। अब एक्ट्रेस ने ऐसा कहने के पीछे कुछ तर्क पेश किए हैं और पूर्व अडल्ट फिल्म स्टार सनी लियोनी का भी उदाहरण देते हुए कहा कि पॉर्न स्टार की इस देश में काफी इज्जत है।

दरअसल यह पूरा मामला कंगना की राजनीति में एंट्री होने के बाद शुरु हुआ। कंगना को हाल ही में भाजपा से लोकसभा चुनाव का टिकट मिला है। जिसके बाद कांग्रेस नेता सुप्रियो श्रीनेत ने कंगना से जुड़ा एक विवादित ट्वीट किया और बाद में हटा दिया। इस ट्वीट के वायरल होने पर एक्ट्रेस ने नाराजगी जाहिर की, तो उनका उर्मिला से जुड़ा बयान फिर सुर्खियों में आ गया है। हाल ही में कंगना एक समिट में हिस्सा लेने पहुंचीं। इस दौरान उन्होंने उर्मिला को सॉफ्ट पोर्न स्टार कहने पर कहा कि 'मैं अपने कमेंट पर सफाई नहीं दे रही हूं लेकिन ये एक्ट्रेसेस खुद को आइटम गर्ल, शीला की जवानी जैसी कई बातें कहलवाने में सहज होती हैं तो इन शब्दों को अमर्यादित क्यों कहा जा रहा है?'

पॉर्न स्टार कोई गलत शब्द नहीं– इसके बाद कंगना ने कहा एक बात बताइए 'क्या सॉफ्ट पॉर्न या पॉर्न स्टार कोई गलत शब्द हैं? नहीं। ये बस ऐसे शब्द हैं जिन्हें समाज ने स्वीकार नहीं किया है। इस देश में पॉर्न स्टार को जितना सम्मान मिलता है, जरा सनी लियोनी से पूछिए दुनिया में और कहीं ऐसा है? मेरा मानना है कि कला के विभिन्न क्षेत्र हैं। इसी तरह रिझाना भी एक आर्ट है। मैं खुद मानती हूं कि मैं उस बैलेंस्ड सिनेमा आर्टिस्ट में से हूं। मैंने कभी आइटम नंबर नहीं किए। इसीलिए मैंने सिर्फ इतना कहा कि अगर वह (उर्मिला मातोंडर) अपनी तरह की फिल्मोग्राफी के साथ कोई पार्टी ज्वाइन कर सकती हैं, तो मैंने तो और भी शानदार काम किया है।'

आपको बता दें कि कंगना रनौत को हिमाचल प्रदेश की मंडी सीट से लोकसभा चुनाव में बीजेपी उम्मीदवार घोषित किया गया है। वहीं उर्मिला मातोंडकर ने साल 2019 में कांग्रेस ज्वाइन की लेकिन बाद में वह शिवसेना में शामिल हो गईं।

# कोलकाता में डांस विद द राइजिंग स्टार्स के ग्रैंड फिनाले का भव्य समापन




**कोलकाता (सोनु झा) :** सेना के पूर्वी कमान के सहयोगात्मक प्रयास से डांस विद द राइजिंग स्टार्स के बहुप्रतीक्षित ग्रैंड फिनाले का कोलकाता के फोर्ट विलियम स्थित कमान मुख्यालय में भव्य समापन हुआ। एचएसबीसी केनरा और रेडियो मिर्ची के सहयोग से सेना के बंगाल सब एरिया मुख्यालय के संरक्षण में आयोजित इस कार्यक्रम में पूरे पूर्वी कमान के 60 प्रतिभागियों में से चुने गए 12 उभरते सितारों ने असाधारण प्रतिभा का प्रदर्शन किया। छह से 18 वर्ष की आयु के इन युवा कलाकारों ने पारंपरिक लालित्य को समकालीन प्रतिभा के साथ सहजता से मिश्रित करते हुए अपने प्रदर्शन से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। जिसमें भारतीय नृत्य संस्कृति की विविध और जीवंत झलक देखने को मिली। पूर्वी कमान मुख्यालय ने एक बयान में बताया कि ग्रैंड फिनाले, सैन्य और नागरिक दोनों क्षेत्रों के प्रतिष्ठित गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति में संपन्न हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित आर्मी वाइव्स वेलफेयर एसोसिएशन (आवा) की क्षेत्रीय उपाध्यक्ष आशिमा श्रीकांत ने प्रतिभागियों को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए पुरस्कृत किया।

न्यायाधीशों के पैनल में प्रसिद्ध कोरियोग्राफर सह नृत्य उस्ताद मौसमी चटर्जी और प्रसिद्ध ओडिसी नृत्यांगना और कोरियोग्राफर लावण्या घोष शामिल थे, जिन्हें प्रतिभागियों के एक विशाल प्रतिभा समूह के बीच शीर्ष प्रतिभाशाली नर्तकियों का चयन करने के चुनौतीपूर्ण कार्य का सामना करना पड़ा। कड़ी प्रतिस्पर्धा वाली टैलेंट टीन्स श्रेणी में मिस कोमलप्रीत कौर ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया और अद्भुत प्रदर्शन से शीर्ष स्थान हासिल किया। सबसे पीछे रहकर, मिस एनलिया बी जोसेफ ने दूसरा स्थान हासिल किया, जबकि मिस शांभवी बहुगुणा ने तीसरा स्थान हासिल किया। अधिकारियों ने बताया कि इस आयोजन ने न केवल युवा प्रतिभाओं को अपना कौशल दिखाने के लिए एक मंच प्रदान किया, बल्कि अगली पीढ़ी की प्रतिभाओं को पोषित करने और समर्थन करने के लिए भारतीय सेना की अटूट प्रतिबद्धता के प्रमाण के रूप में भी काम किया।

# कुछ लोगों का 'अप्रैल फूल' जल्दी आ गया

'प्रियांकित' यानी प्रियंका चाहर चौधरी और ऑकत गुसा छोटे पर्दे की यह जोड़ी है, जो रोल लाइफ से रियल लाइफ तक साथ है। दोनों ने साथ में उडारियां सीरियल में काम किया और वह से इनको दोस्तों शुरू हुई। इसके बाद दोनों ने बिग बॉस 16' में हिस्सा लया, जहां इनका प्यार साफ देखने को मिला। कथित तौर पर दोनों एक–दूसरे को डेट कररहे हैं और हाल ही में अटकलें सगी है कि इस साल के अंत तक दोनों शादी कर लेंगे। प्रियंकर और अंकित के फैन्स उन्हें हमेशा साथ देखना चाहते हैं और शादी की खयम से वे बेहद खुश हो गए लेकिन तभी प्रियंका ने सबकी खुशियों पर पानी फेर दिया। उसने सोशल मीडिया पर है कि कुछ लोगों का अप्रैल फूल जल्दी आ गया है। इंस्टाग्राम पर एक साथ कई रोत्स शेयर करते हैं, जिन पर उनके फैस देर सारा प्यार लुटाते हैं। प्रियंकाने हमेश अंकित के लिए अपनी फीलिंग्स का इजहारकिया है। जयपुर में जन्मी प्रियंका चाहर चौधरी का बवपन में नाम परी चौधरी था। 2019 में उसने धारावाहिक 'गठबंधन से अपने अभिनय करियर की शुरुआत को थी। धारावाहिकों के अलावा वह 'केंडी ट्विस्ट' जैसी फिल्मों में भी काम









स्वत्वाधिकारी **'बात हिन्दुस्तान की'** (पाक्षिक) पत्रिका के लिए मुद्रक व प्रकाशक श्रीमती सोनी कुमारी झा, 23 रामकुमार गांगुली लेन, 2रा तल्ला कमरा नं. 203, पोस्ट– बी. गार्डेन, शिवपुर, हावड़ा–711103 (प. बंगाल) फोन न.: 8902221434 से प्रकाशित एवं चपला मुद्रण, 2/3/1, रामजी हजरा लेन, हावड़ा–711101 से मुद्रित, सम्पादक–**उमेश तिवारी,** फोन– 8420899919 पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए उतरदायी, ईमेल/वेबसाईट–www.baathindustanki@gmail.com

(Owner, Printer & Publisher of 'Baat Hindustan Ki' : Smt. Soni kumari Jha, 23, Ramkumar Ganguly Lane, 2nd floor, room no-203, PO : B.Garden, Shibpur, Howrah-711103, Mo. 9798848926 & Printed from CHAPLA MUDRAN 2/3/1 Ramji Hazra Lane, Shibpur, Howrah-711101, Editor : **Umesh Tiwari** Mo. 8420899919, Email/Website : www.baathindustanki@gmail.com)